मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-5, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 224 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

29 जनवरी 2024 सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**

26 अधिकतम

12 न्यूनतम




## झारखंड सीएम सोरेन पर ईडी की 'दबिश' गिरफ्तारी के आसार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम आज राजधानी दिल्ली स्थित हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंची है। सोरेन के दक्षिणी दिल्ली के पॉश इलाके शांति निकेतन आवास पर पहुंची ईडी की टीम उनसे जमीन घोटाले में पूछताछ करना चाहती हैं. सूत्रों की मानें तो इस मामले में उनकी गिरफ्तारी भी हो सकती है। उनके आवास के बाहर और अंदर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। सोरेन से पहले भी पूछताछ हो चुकी है। ईडी ने रांची में आठ घंटे तक उनसे सवाल-जवाब किए थे। ईडी पूछताछ के लिए उन्हें कुछ दिन पहले दसवां समन जारी कर उन्हें 29 या 31 जनवरी को पेश होने को कहा था। ये भी कहा था अगर वह पेश नहीं होंगे तो खुद ईडी की टीम उनसे पूछताछ के लिए पहुंचेगी।



दरअसल, ईडी ने रांची में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद फरोख्त का खुलासा किया था। केंद्रीय एजेंसी ने रांची के बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को गिरफ्तार कर उनके आवास और मोबाइल फोन से बड़ी मात्रा में सरकारी दस्तावेज बरामद किये थे। इन दस्तावेजों की छानबीन और उनसे जुड़े तथ्यों के सत्यापन को लेकर ईडी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ कर रही है।

## नीतीश की नयी कैबिनेट की बैठक, लालू की पेशी

**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार ने एनडीए में शामिल होते ही सियासी गणित बदल गए हैं। पिछले करीब डेढ़ साल से सत्ता में रही आरजेडी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। भाजपा ने बिहार विधानसभा में स्पीकर आरजेडी के अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दिया है। वहीं, लालू यादव आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए है। ईडी ने पिछले दिनों लैंड फॉर जॉब मामले में नोटिस दिया था। कल बेटे तेजस्वी यादव से पूछताछ होगी। यह तब का मामला है जब लालू यादव रेल मंत्री थे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पटना में राजद नेता रणविजय साहू ने कहा, 'पूरे देश के ऐसे सभी नेताओं को परेशान किया जा रहा है जो सामाजिक न्याय के योद्धा हैं।' वहीं, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, देश की जनता जानती है कि ये (लालू यादव) भ्रष्ट लोग हैं।



## गठबंधन का हुआ अंतिम संस्कार : प्रमोद कृष्णम

**नई दिल्ली।** बिहार में नीतीश कुमार के पाला बदलने के बाद विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन और कमजोर पड़ गया है। अब कांग्रेस प्रवक्ता आचार्य प्रमोद कृष्णम का कहना है कि इंडिया गठबंधन अपनी स्थापना के बाद से ही गंभीर बीमारियों से ग्रस्त रहा। फिर वो आईसीयू में चला गया। जिसके बाद उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। अब नीतीश ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। कृष्णम ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी में कुछ बहुत ही महान और बुद्धिमान नेता हैं। एक तरफ जहां सभी राजनीतिक पार्टियां लोकसभा चुनाव के लिये कमर कस रही हैं, वहीं दूसरी तरफ पूरी कांग्रेस पार्टी राजनीतिक पर्यटन कर रही है। हमारे नेता यात्रा कर रहे हैं।



### देशभर के छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा के दौरान शिक्षकों को भी हिदायतें

# मोदी की सलाह-प्रेशर झेलने के लिए खुद को मजबूत बनाना होगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि किसी भी प्रेशर को झेलने के लिये हमें मानसिक रूप से खुद को सामर्थ्यवान बनाना होगा। आज दिल्ली के भारत मंडपम में वह 'परीक्षा पे चर्चा' में उन्होंने कहा कि वे भी इस चर्चा के लिये हमेशा छात्रों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। उन्होंने परीक्षाओं को मनोरंजक और तनाव मुक्त बनाने से संबंधित पिछले कार्यक्रमों के विषय और व्यावहारिक सुझाव भी साझा किए। उन्होंने कहा सही सरकार चलाने के लिए नीचे से ऊपर तक सटीक जानकारियां होना जरूरी है।

इससे पहले सोशल मीडिया पर भी उन्होंने पोस्ट किया, 'मैं परीक्षा के तनाव को दूर करने के तरीकों पर सामूहिक रूप से रणनीति बनाने के लिए परीक्षा योद्धाओं की सबसे यादगार सभा 'परीक्षा पे चर्चा' का उत्सुकता से इंतजार कर रहा हूं। आइए उन परीक्षा निराशाओं को अवसरों की खिड़की में बदल दें।'

कार्यक्रम में मोदी ने कहा, 'आपके दोस्त से आपको किस चीज की स्पर्धा है? मान लीजिए 100 नंबर का पेपर है। आपका दोस्त अगर 90 नंबर ले आया तो क्या आपके लिए 10 नंबर बचे? आपके लिए भी 100 नंबर हैं। आपको उससे स्पर्धा नहीं करनी है आपको खुद से स्पर्धा करनी है। उससे द्वेष करने की जरूरत नहीं है। बल्कि वो आपके लिए प्रेरणा बन सकता है। अगर यही मानसिकता रही तो आप अपने से तेजतर्रार व्यक्ति को दोस्त ही नहीं बनाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जब छात्रों ने सवाल किया कि वो परीक्षा और सिलेबस के प्रेशर को कैसे हैंडल करें। इसके जवाब में पीएम ने कहा, 'हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए।'

**इधर,** मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अफसरों के सात भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित सजीव प्रसारण में विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए।

### माता पिता को सलाह

*इस मौके पर मोदी ने अभिभावकों को भी सलाह दी और कहा कि 'माता पिता को लगता है कि आज एग्जाम है तो बच्चे को नई पेन लाकर दें, लेकिन मेरा आग्रह है कि बच्चा जो पेन रोज यूज करता है, वही ले जाने दीजिए। न उसे कपड़ों पर टोकिए, जो पहन रहा है उसे पहनने दीजिए. एग्जाम पर उसे कंफर्ट फील कराइए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिये इस बार परीक्षा पे चर्चा के लिए 2 करोड़ 5 लाख से ज्यादा छात्रों के साथ ही 14.93 लाख से अधिक शिक्षकों और 5.69 लाख से अधिक अभिभावकों ने पंजीकरण कराया।*

## चीनी जहाज को मालदीव जाते समय इंडोनेशिया ने खदेड़ा

**नई दिल्ली।** मालदीव के स्थानीय न्यूज आउटलेट अधाधू ने खबर दी है कि इंडोनेशियाई तट रक्षक ने राजधानी माले जा रहे एक चीनी रिसर्च शिप को रोक दिया। ऐसा इसलिए क्योंकि जहाज का ऑटोमेटेड इंफोर्मेशन सिस्टम ट्रांसपोंडर बंद हो गया था. इंडोनेशियाई प्राधिकरण ने यह कदम तब उठाया है जब देश के समुद्री क्षेत्र से गुजरते समय चीनी जहाज ने 8-12 जनवरी के बीच तीन बार अपने ट्रांसपोंडर को बंद कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंडोनेशियाई प्राधिकरण ने यह कदम तब उठाया है जब देश के समुद्री क्षेत्र से गुजरते समय चीनी जहाज ने 8-12 जनवरी के बीच तीन बार अपने ट्रांसपोंडर को बंद कर दिया। ऑटोमेटेड इंफोर्मेशन सिस्टम, ट्रांसपोंडर को जहाजों में इसलिए लगाया जाता है ताकि बाकी अन्य जहाजों और तटीय अधिकारियों को जहाज की स्थिति, उसकी पहचान और बाकी जानकारी स्वचालित रूप से मिल सके.द एशिया टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ढूष्टत्न ने चीनी जहाज पर चढ़ने की कोशिश नहीं की बल्कि उससे कहा कि वो इंडोनेशिया के स्पेशल इकोनॉमिक जोन से बाहर चला जाए।

## अयोध्या में 55 की चाय, 65 रुपए का टोस्ट!

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिषठा के बाद बड़ी संख्या में लोग दर्शन को पहुंचने लगे हैं तो कारोबारी भी राम के नाम पर लूट की फिराक मे हैं। यहां मल्टिलेवल पार्किंग में एक रेस्टोरेंट में खाने की चीजों के दाम सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं और प्रशासन ने उसे नोटिस थमा दिया है। यहां चाय 55 रुपये की और टोस्ट 65 रुपये कीमत पर बिक रही है। बताा जाता है कि यहां की शबरी रसोई में 2 चाय और 2 टोस्ट का 240 रुपये वसूलने का बिल सोशल मीडिया पर वायरल होते ही प्रशासन सतर्क हुआ है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने अरुंधति भवन में चल रहे रेस्टोरेंट संचालक को नोटिस कर जवाब मांगा है। कहा गया है कि वायरल मैसेज में रेट सामान्य रेट से बहुत ज्यादा हैं। इससे एडीए की छवि धूमिल हुई है। हालांकि शबरी रसोई के मैनेजर सत्येंद्र मिश्र ने कहा कि रेट उनकी सुविधा के अनुसार हैं, जो भी नोटिस आएगा उसका जवाब दे दिया जाएगा।




## हरियाणा के सीएम ने अपना घर पंचायत को सौंपा

**चंडीगढ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज सुबह रोहतक से भिवानी जाते समय पैतृक गांव बनियानी पहुंचे और अपने पैतृक व चचेरे भाई के पैतृक मकान को गांव की पंचायत को सुपुर्द कर दिया। उन्होंने इस दौरान कहा कि मकान में ई-लाइब्रेरी बनाई जाए, जो गांव की अगली पीढ़ी के काम आ सकेगी मुख्यमंत्री ने बनियानी में कहा कि उनके लिए गर्व की बात है कि वह अपने पैतृक गांव में आए हैं, जो उनके लिए दर्शनीय है। उन्होंने कहा कि उनका बचपन यहां बीता और पढ़ाई भी यहीं पर की है। कहा कि यह मकान माता-पिता की निशानी है, जो उन्होंने मेरे नाम किया था।



## अमेरिका की सीमा पर हमले की आशंका



**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जताई है कि अमेरिका में सीमा के नजदीक बड़ा आतंकी हमला हो सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा कि अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर को लेकर हो रही डील तबाही ला सकती है। उन्होंने अमेरिका के दक्षिणी बॉर्डर को दुनिया के इतिहास में सबसे बुरा बताया और आशंका जताई कि अमेरिका में बड़ा आतंकी हमला हो सकता है। ट्रंप ने लिखा 'तीन साल पहले तक हमारी सीमाएं अमेरिका के इतिहास में सबसे मजबूत और सुरक्षित थीं। आज तबाही का इंतजार हो रहा है। यह दुनिया के इतिहास की सबसे खराब सीमाएं हैं और यह हमारे देश के लिए खुले घाव जैसी हैं।'

**मेट्रो एंकर**

### वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के 9 रत्न अफसर जुटे हैं इस काम में...

# अंतरिम बजट के लिए भी जारी बजट जैसी तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आमजनता से लेकर खास लोग और व्यापारियं तक के लिये पूरे साल मायने रखने वाला दस्तावेज आकार लेने लगा है। इस बार देश के बजट की तैयारी अंतिम चरण में है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार छठी बार बजट पेश करेंगी। हालांकि यह अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट होगा। लेकिन इसे तैयार करने में भी बजट जितनी ही मेहनत करनी पड़ रही है। सीतारमण के इस छठे बजट को एक खास टीम है। यह अपने अपने क्षेत्र के दिग्गज हैं। लगातार छठा बजट पेश करने वाली दूसरी वित्त मंत्री बनने वाली हैं। इससे पहले मोरारजी देसाई ने भी 5 पूर्ण और 1 अंतरिम बजट पेश किया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तमिलनाडु के आईएएस अधिकारी टीवी सोमनाथन वित्त मंत्रालय सबसे सीनियर सेक्रेटरी हैं। इसलिए उनके पास फाइनेंस सेक्रेटरी की भी जिम्मेदारी है।सोमनाथन ने दो साल प्रधानमंत्री कार्यालय में काम किया था। वह पीएम मोदी के करीबी माने जाते हैं। वे चार साल से बजट निर्माण की प्रक्रिया से भी नजदीक से जुड़े हुए हैं।इसी तरह कर्नाटक कैडर के अजय सेठ वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव हैं व तीन साल से बजट डिवीजन को लीड कर रहे हैं। वहीं निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग में सचिव तुहिन कांत पांडेय को एयर इंडिया के प्राइवेटाइजेशन और एलआईसी के आईपीओ में निभाई भूमिका के लिए जाना जाता है। पांडेय ओडिशा कैडर में 1987 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वहीं राजस्थान कैडर के आईएएस संजय मल्होत्रा व रेवेन्यू सेक्रेटरी बैं0किंग डिवीजन में सेक्रेटरी थे। बजट प्रक्रिया में मल्होत्रा टैक्स रेवेन्यू बढ़ाने की जिम्मेदारी व वित्त मंत्री के बजट भाषण के भाग बी का मसौदा तैयार कर रहे हैं।

### कई अभा सेवा के अफसर जुटे

बजट पर वित्त मंत्री के सलाहकारों के समूह में सबसे नए सदस्य में गिने जाते हैं। वे हरियाणा कैडर के हैं। वे भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना कमिश्नर थे। जबकि भारतीय राजस्व सेवा में इनकम टैक्स विभाग के अधिकारी नितिन गुप्ता इस समय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड या सीबीडीटी के चेयरमैन हैं। वह बजट में आयकर, कारपोरेट कर और प्रत्यक्ष कर से जुड़े सभी प्रस्तावों को तैयार करने में मदद करेंगे।इसी राजस्व सेवा के संजय अग्रवाल अभी में जीएसटी और कस्टम विभाग के अधिारी इस समय सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडाइरेक्ट टैक्स एंड कस्टम के चेयरमैन हैं। इस बजट में शामिल होने वाले अप्रत्यक्ष कर संबंधी सभी प्रस्ताव उन्हीं की टेबल से होकर गुजरेंगे।



### चीफ बजट आफिसर !

जबकि अनंत नागेश्वरन मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं। उन्हें एक लेखक और शिक्षक के तौर पर भी जाना जाता है। वह अर्थव्यवस्था के मसले पर सीतारमण के सबसे करीबी सलाहकारों में से एक हैं। तमिलनाडु कैडर में 1997 बैच के आईएसएस अधिकारी इस समय केंद्रीय वित्त मंत्रालय के बजट डिवीजन में एडिशनल सेक्रेटरी हैं। एक तरह से उन्हें देश के चीफ बजट ऑफिसर माना जाता है। लंदन स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स से पब्लिक मैनेजमेंट और गवर्नेंस में पोस्टग्रेजुएट की उपाधि प्राप्त करने वाले वछानी को पॉलिसी फार्मुलेशन एंड इंप्लीमेंटेशन का लंबा अनुभव है।

# लोकरंग उत्सव







भोपाल। रविंद्र भवन के मुक्त आकाश मंच पर लोकरंग उत्सव जारी है। इसमें प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दृश्य। -फोटो : निर्मल व्यास

### विश्व वेटलैंड दिवस का राष्ट्रीय आयोजन 2 फरवरी को

# भोपाल शहर व तवा बांध को इंदौर में मिल सकता है सम्मान

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**भोपाल शहर और तवा बांध को इंदौर में 2 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मान मिलने की उम्मीद है। यहां विश्व वेटलैंड दिवस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम होना है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मेहमान रामसर सचिवालय की महासचिव डॉ. मुसोंडा मुंबा शामिल होंगी। यही वैश्विक संस्था शहरों को वेटलैंड सिटी और मुख्य तालाबों को रामसर साइट का दर्जा देती है।**

इस आयोजन में डॉ. मुंबा के शामिल होने की जानकारी रामसर सचिवालय स्विटजरलैंड की ओर से दी है। वेटलैंड सिटी के लिए भोपाल के अलावा इंदौर व राजस्थान के उदयपुर शहर का भी नाम प्रस्तावित है। जबकि तवा बांध को रामसर साइट में शामिल कराने के लिए भी प्रस्ताव जा चुका है।

### वेटलैंड सिटी व बांध को रामसर साइट का दर्जा दिलाने वाले प्रस्ताव भेजे

विशेषज्ञों के मुताबिक वेटलैंड सिटी का दर्जा उन्हीं शहरों को दिया जाता है, जिनमें बड़े जल स्त्रोत हो और उनका संरक्षण बेहतर तरीकों से हो रहा हो। साथ ही ये शहर के विकास में सहायक हो। मप्र के भोपाल व इंदौर में प्रमुख जल स्त्रोत है, जो जिन्हें रामसर साइट का दर्जा प्राप्त है इसलिए भारत सरकार ने इन दोनों शहरों का नाम वेटलैंड सिटी के लिए प्रस्तावित किए हैं। इनके अलावा तीसरा नाम राजस्थान के उदयपुर शहर का है। तीनों शहरों को वेटलैंड सिटी में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा गया था। इसी बीच तवा बांध को रामसर साइट का दर्जा दिलाने का प्रस्ताव भी रामसर सचिवाल को भेजा गया था। जिनका विभिन्न स्तर पर परीक्षण किया जा रहा है।




### ये भी होंगे फायदें

- यदि दोनों शहरों को वेटलैंड सिटी का दर्जा मिलता है तो भविष्य में अंतर राष्ट्रीय संगठनों से दोनों शहरों को बड़ी परियोजनाओं के लिए आर्थिक मदद लेना और आसान हो जाएगा।
- अंतराराष्ट्रीय मानचित्र पर दोनों शहर वेटलैंड सिटी के नाम से जाने जाते हैं तो टूरिज्म बढ़ेगा क्योंकि ऐसे शहरों को वैश्विक स्तर के पर्यटक खोजते रहे हैं।
- वेटलैंड सिटी बनाए रखने के लिए स्थानीय निकायों व शासन की जिम्मेदारियां और बढ़ जाएंगी। इन शहरों के जल स्त्रोतों का संरक्षण करना होगा। ये प्रदूषण मुक्त होंगे, जिसका फायदा आम नागरिकों को होगा।

# लाइलाज कैंसर के सफल उपचार की खोज पर डॉ. गर्ग को मिला सम्मान



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

ख्यात सर्जन डॉ भुवनेश्वर गर्ग को लाइलाज कैंसर उपचार के लिए खोजी गई उनकी उपचार प्रक्रिया सुपरसोल हेतु फोर्टिस समूह द्वारा बेंगलुरु में आयोजित विश्व कैंसर समिट में सम्मानित किया गया। गर्ग जटिलतम सर्जरी के लिए और लाइलाज जख्मों हेतु किया गए उनके सतत शोध परिणामों के लिए सारी दुनिया में प्रशंसित हैं और दर्जनों वैश्विक कांफरेंसों में सम्मानित किए जा चुके हैं!

जले हुए जख्मों के लिए खोजी गई उनकी उपचार प्रक्रिया और उनकी इनवेंटेड मलहम से बिना सर्जरी या स्किन ग्राफ्ट के पूरी तरह सामान्य किया जा सकता है, दुनिया भर की लड़कियों महिलाओं के जले हुए चेहरों के लिए यह पद्धति वरदान साबित हो रही है, इसी तरह जिन डायबिटीज के लाइलाज जख्मों और डायबिटिक फुट गैंग्रीन में सारी दुनिया में पैर काट दिया जा रहा है, ऐसे मरीज पैर कटने से पहले समय से अगर डॉक्टर गर्ग से उपचार ले पा रहे हैं, तो उन सभी के पैर डॉक्टर गर्ग की तकनीक से ठीक किए जा चुके है, पूरे देश भर से डॉक्टर गर्ग सूचना मिलने पर इन मरीजों को न सिर्फ उपचार उपलब्ध करवा रहे हैं अपितु सभी को विकलांगता, विकृति और उसके फलस्वरूप होने वाले अवसाद से भी बचा रहे हैं, दुनिया भर के कैंसर विशेषज्ञों ने ना सिर्फ डा गर्ग को सराहा बल्कि सर्वश्रेष्ठ भी घोषित कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि बिना ज्यादा लागत और एंटीबायोटिक्स के किया जाने वाला यह उपचार यकीनन अत्याधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में भारत देश को विश्व भर में स्थापित करेगा, और करोड़ों लोगों को विकृति, विकलांगता और अकाल मृत्यु से भी बचाएगा । बताया जाता है कि डा गर्ग अपनी इस खोज को देश को समर्पित कर, इसे सभी को सहज सुलभ करवाने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लगातार पत्राचार कर रहे हैं।

## परिचय सम्मेलन



भोपाल के गांधी भवन में प्रजापति समाज का युवा युवति परिचय सम्मेलन का आयोजन

### क्रियेटीनीन लेवल कम होने पर शुरू किया नियमित भोजन

# बाघिन टी-40 की सेहत में हुआ थोड़ा सुधार

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कान्हा टाइगर रिजर्व से भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में आई बाघिन-40 की सेहत में थोड़ा सुधार हुआ । उसका क्रियेटीनीन लेवल काफी कम हुआ है और उसने अपना नियमित भोजन लेना भी प्रारंभ कर दिया है। वन विहार की डायरेक्टर पद्मप्रिया बालकृष्णन ने बताया बाघिन की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाकर सतत् उपचार किया जा रहा है।

वन विहार प्रबंधन के अनुसार पांच नवंबर को बाघिन को कान्हा से वन विहार लाया गया था। वह 16 दिसंबर से बीमार चल रही थी। स्वास्थ्य परीक्षण में पाया गया था कि इसके गुर्दे ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। जिससे क्रियेटीनीन एवं ब्लड यूरिया लेवल बहुत बढ़ गया था। साथ ही उसने भोजन लेना भी बंद कर दिया था।

### हर आठवें दिन लिया जा रहा ब्लड सैंपल



बाघिन को सतत गहन निगरानी में रखा जाकर वन्यप्राणी चिकित्सक वन विहार डॉ. अतुल गुप्ता इलाज कर रहे हैं। बाघिन को लेकर राज्य वन्यप्राणी फॉरेंसिक हेल्थ जबलपुर की सहायक प्राध्यापक डॉ. काजल जाधव एवं मुकुदपुर जू के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. राजेश तोमर से भी परामर्श लिया गया। बाघिन को लगातार फ्लूड थैरेपी दी गई एवं आवश्यक उपचार किया गया। हर आठवें दिन बाघिन का ब्लड सैंपल लिया जा रहा है।

## डा वर्मा को श्रध्दांजलि

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



डॉ धनंजय वर्मा के निधन पर साहित्यकारों ने उन्हें श्रध्दांजलि दी है। शैलेंद्र शैली ने कहा है कि वर्मा का निधन हमारे समय के साहित्यिक परिदृश्य की बहुत बड़ी क्षति है।उनका अवदान प्रेरक और अविस्मरणीय है। जीवन और साहित्य के लिए उनका मार्क्सवादी चिंतन प्रभावी है। अब डा वर्मा की चिंताएं भी सजग करती रहेंगी शैली ने कहा कि मार्क्सवाद के लिए डॉक्टर धनंजय वर्मा की प्रतिबद्धता उनके सृजन का बुनियादी आधार है।

## मेट्रो एंकर

### भगवान श्री राम जी के चित्र भेंट किए

# राम भक्तों ने सुनी मोदी के मन की बात

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर माह के अंतिम रविवार को होने वाले मन की बात प्रसारण को राम भक्तो द्वारा ईदगाह हिल्स स्थित अंबेडकर पार्क में सुना गया । मन की बात में मोदी ने कहा 22 जनवरी को अयोध्या में मैंने देव से देश की बात की थी,राम से राष्ट्र की बात की थी, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को मानो एक सूत्र में बांध दिया है ।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने कहा कि हमारी पीढ़ी वास्तव मे भाग्यशाली है जिसे 496 साल के हमारे पूर्वजों के बलिदान और कड़ी तपस्या एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सार्थक पहल से आज भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। हम विकसित भारत के साक्षी बन रहे है ये भी गौरव के क्षण है। हम सभी को अपने भारत को विकसित भारत बनने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने अयोध्या मंदिर में विराजित भगवान श्री राम जी के चित्र भेंट कर घर घर राम विराजित करने का आह्वान करते हुए आतिशबाजी की ।



# गणतंत्र दिवस समारोह में नवनिध को प्रस्तुति के लिए द्वितीय पुरस्कार

### मुख्यमंत्री की मौजूदगी में राज्यपाल ने किया पुरस्कृत



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

गणतंत्र दिवस पर राजधानी के लाल परेड ग्राउंड पर हुए मुख्य समारोह में राजधानी के चुनिंदा विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संतनगर नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की प्रस्तुति को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। नवनिध की छात्राओं ने राज्यपाल मंगू भाई पटेल के सामने सर पर हिमालय का छत्र है की प्रस्तुति दी। नृत्य में लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया। विजयी समूह की छात्राओं को गणतंत्र दिवस की संध्याकालीन बेला में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा रविंद्र -भवन भोपाल में पुरुस्कृत किया गया।

प्रतीक स्वरूप तीन छात्राओं के साथ विद्यालय की प्राचार्या अमृता मोटवानी, संस्था के प्रमुख सदस्य एसी साधवानी, केएल रामनानी एवं घनश्याम बूलचंदानी तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं मौजूद थे। दान-दाता हांगकांग के केएच लखानी और प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। नृत्य की तैयारी संगीत विभाग की शिक्षिका चारू तिवारी , पूर्णिमा पटेल, आशा आसुदानी, समीक्षा पेसवानी, पूजा आनंद एवं रंजीता फुलवानी ने कराई थी।

## भोपाल हाट में वन मेले का समापन

# अब राजधानी ही नहीं, जिलों में भी वन मेलों की मिलेगी सौगात



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
राज्य स्तर पर ही नहीं, आने वाले समय में जिलों में भी वन मेले लगेंगे। ये जिला मुख्यालय पर लगाए जाएंगे। जिनमें प्रदेश भर की जड़ी-बूटी और वन उत्पादों को जगह दी जाएगी। इसकी घोषणा वन मंत्री नागर सिंह चौहान ने की। वह रविवार भोपाल हाट में वन मेले के समापन अवसर पर बोल रहे थे। आमतौर पर शुरू से मेला राजधानी मुख्यालय पर ही लगता रहा है, जो इस बार राज्य स्तरीय रहा है लेकिन पूर्व में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजित किया जाता था। जिसमें विदेशी स्टॉलों को भी शामिल किया जाता था। इस बार इसके स्वरूप को लघु कर दिया था। 60 लाख रुपये का कारोबार हुआ यह मेला 24 से शुरू हुआ था, जिसमें जिला यूनियनों समेत वन उत्पादों से जुड़ा व्यवसाय करने वालों ने हिस्सा लिया। इस मेले में 60 लाख रुपये से अधिक के कारोबार होने का दावा किया गया है। 10 हजार से अधिक लोगों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### मेले में इन्हें मिले पुरुस्कार

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनी में एमएफपी पीएआरसी, सोशल फॉरेस्ट्री एवं बायोडायवर्सिटी बोर्ड को मिला। सर्वश्रेष्ठ विक्रेता में जिला यूनियन सतना एवं बीडीवीके उत्तर सिवनी को पुरस्कृत किया। सर्वश्रेष्ठ सजावट के लिए जिला यूनियन सीहोर एवं बीडीवीके अलीराजपुर को पुरस्कृत किया। मप्र ईको टूरिज्म बोर्ड को उनकी प्रदर्शनी और बाघ संरक्षण के प्रयासों के लिए विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार दिया। बाघ संरक्षण के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक की रोचक प्रस्तुति की गई और अतिथियों एवं आगंतुकों को ष्मैं भी बाघ'' शपथ दिलाई। अलीराजपुर के फूड स्टॉल दाल-पानिये को विशेष पुरस्कार दिया। वन विभाग के ईको-टूरिज्म, वनोपज संघ, वन विहार द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों को भी पुरस्कृत किया गया।

### मेले में सभी को लाभ मिलेगा

सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि वन विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा जड़ी-बूटियों का परीक्षण और प्रसंस्करण कर औषधियां बनाई जाती है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिये लाभकारी है। इनका लाभ जनता को मिले और आदिवासी सशक्त हों। वन, पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि आदिवासी संग्राहकों को पहचान दिलाने वाला मंच साबित हो रहा है। इसका विस्तार जरूरी है। मंत्रियों ने विभिन्न पुरस्कारों का वितरण किया।

## माशिमं ने किए पेपर व उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# उत्तरपुस्तिका की सिलाई उखड़ी या टूटी तो नहीं होगा मूल्यांकन, बनेगा नकल प्रकरण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश में 5 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। परीक्षा के लिए क्यूआर कोड वाले प्रवेश पत्र भी जारी किए गए हैं। इसके साथ ही इस बार माशिमं ने पेपरों और उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। प्रश्नपत्रों के साथ कोरी उत्तरपुस्तिकाओं का वितरण और क्रमांकवार किया जाएगा। मंडल ने इस संबंध दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि परीक्षा में उत्तरपुस्तिका की सिलाई उखड़ी या टूटी होने पर किसी भी छात्र को वह उत्तरपुस्तिका वितरित नहीं की जाए। ऐसी उत्तरपुस्तिका छात्रों द्वारा जमा की जाती है तो उसका मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। इसे नकल की श्रेणी में रखा जाएगा। वहीं इस बार प्रश्न-पत्रों में पिछले साल से अलग कोडिंग की गई है। साथ ही चार सेट बनाए जाएंगे। हालांकि प्रश्न-पत्र एक ही होंगे, लेकिन उनका क्रम बदला गया है। इस बार सभी विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं में बार कोड भी होंगे।

### मूल्यांकन के दौरान मिली कांट-छांट तो होगी कार्यवाही

केंद्राध्यक्षों द्वारा रोजना परीक्षा के बाद उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल सील किए जाएंगे। इसके पहले विद्यार्थियों द्वारा अंकित रोल नंबर की जांच-मिलान करनी होगी, यदि कोई रोल नंबर में कांट-छांट की गई है, तो उपस्थिति पत्रक से मिलान करके सही रोल नंबर डालना होगा। मूल्यांकन के दौरान कांट-छांट मिली तो संबंधित केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।




### दो दिन में पहुंचेंगे प्रश्न-पत्र

मंडल ने साफ कर दिया है कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शुरू होने के एक दिन पहले सभी व्यवस्था पूरी कर ली जाएं। माशिमं की 10वीं व 12वीं के प्रश्न-पत्र जिले की समन्वयक संस्थाओं से एक व दो फरवरी को परीक्षा केंद्रों के नजदीकी थानों में प्रश्न-पत्र पहुंचाए जाएंगे।

## 25 फीसदी स्कूलों के शौचालय में नहीं पानी नहीं, आयोग ने प्रमुख सचिव को दिए जांच के निर्देश, रिपोर्ट भी तलब




मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने प्रदेश के करीब 25 प्रतिशत स्कूलों के शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं होने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित व्यवस्था के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही के संबंध में जवाब भी मांगा है।

### 98 फीसदी सरकारी स्कूलों में शौचालय बने

आयोग के संज्ञान में आया है कि प्रदेश के करीब 98 फीसदी सरकारी स्कूलों में शौचालय बने हुए है, लेकिन इनमें से करीब एक चैथाई स्कूलों में अब तक पानी के कनेक्शन ही नहीं हो पाया है। जिसके कारण कई स्कूलों में बच्चों को शौचालय की सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई स्कूलों में पानी के टैंकर आदि के वैकल्पिक इंतजाम किये जा रहे है।

## राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पहल पर स्कूल शिक्षा विभाग ने शुरू की तैयारी

# स्कूलों में होगा प्रहरी क्लब का गठन, बच्चों को रखेंगे नशे से दूर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
प्रदेश के स्कूलों में बच्चों को नशे से दूर रखने और उन्हे इसके लिए जागरूक करने के लिए प्रहरी क्लब का गठन किया जाएगा। समय-समय पर इसकी मॉनीटरिंग भी की जाएगी। इसके लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्रहरी पोर्टल भी तैयार किया जा रहा है। जिस पर गतिविधियों की पूरी जानकारी रहेगी। इसके तहत जिले के सभी स्कूलों में कक्षा 6ठीं से 12वीं तक के 20 से 25 छात्र-छात्राओं को क्लब प्रहरी में शामिल किया जाएगा।

दरअसल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पहल पर स्कूलों में प्रहरी क्लब के गठन को लेकर कार्य शुरू किया गया है। आयोग ने स्कूल शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर नोडल शिक्षकों का ब्यौरा मांगा है। आयोग ने कहा है कि बच्चों में नशीली दवाओं और मादक दृव्यों के सेवन की रोकथाम के लिए स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रहरी क्लब गठित किए जा रहे हैं। इन प्रहरी क्लबों के गठन और काम काज के लिए त्रैमासिक आधार पर गतिविधियों की योजना विकसित करने के लिए प्रहरी पोर्टल का निर्माण किया जा रहा है।

**एक सप्ताह का दिया समय:** आयोग के पत्र के पालन में स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर के कलेक्टर्स का दिशा-निर्देश जारी किए है। जारी आदेश में कहा गया है कि जिले के सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रहरी क्लब का गठन सुनिश्चित कराते हुए उसके प्रभारी शिक्षक, नोडल शिक्षक विवरण राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराया जाए।

## महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान : सम्बद्धता के लिए 30 जनवरी तक जमा होंगे दस्तावेज

# आवेदन के आधार पर स्कूलों का होगा निरीक्षण, एक माह में देना होगा प्रतिवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान से प्रदेश के संस्कृत शिक्षण संस्थानों की सम्बद्धता को लेकर प्रक्रिया जारी है। सत्र 2024-25 के लिए नवीन सम्बद्धता और सम्बद्धता नवीनीकरण के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन बुलाए गए थे। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद समस्त सहपत्रों सहित आवेदन (केवल नवीन संबद्धता हेतु) की हार्डकॉपी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 30 जनवरी 2024 तक जमा करानी होगी। वहीं नवीन सम्बद्धता प्राप्त करने अथवा सम्बद्धता नवीनीकरण के लिए आवेदन की हार्ड कापी समस्त सहपत्रों सहित महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान में 15 फरवरी 2024 तक जमा करानी होगी। संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संस्थाओं द्वारा देय आवेदन के आधार पर विद्यालयों का निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन एवं विभागीय अनुमति अनुशंसा (केवल नवीन सम्बद्धता हेतु) एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर 30 फरवरी 2024 तक दर्ज करना होगी। वहीं संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अनुशंसा उपरांत विरीक्षण प्रतिवेदन, विभागीय अनुमति की हार्डकापी (केवल नवीन सम्बद्धता हेतु) महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान कार्यालय में 10 मार्च 2024 तक जमा कराना होगा।



## कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की झांकी को मिला द्वितीय पुरस्कार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
भोपाल के लाल परेड मैदान में विगत दिवस हुई गणतंत्र दिवस परेड में प्रदेश की प्रगति तथा विकास के लिए संचालित योजनाओं को दर्शाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा चित्ताकर्षक झांकियां तैयार की गई थीं। सभी झांकियों में से कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की झांकी को द्वितीय पुरस्कार मिला है।

इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों की सराहना की।




**मेट्रो एंकर**

## प्रदेश में जानलेवा हो चुका है वायु प्रदूषण

# जानलेवा प्रदूषण की मैनुअल जांच पर अब ज्यादा जोर, ठंड में बढ़ जाता है इसका स्तर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
प्रदेश में वायु प्रदूषण जानलेवा हो चुका है। हर साल ठंड में इसका स्तर बढ़ा हुआ महसूस होता है क्योंकि यह वह समय होता है जब वातावरण में नमी होती है और प्रदूषक कण उस नीम को पाकर भारी हो जाते है जिसके कारण उनकी मौजूदगी निचले वातावरण में अधिक होती है वे उपरी हिस्से में पहुंच नहीं पाते और रिकार्ड में आते हैं। ऐसे नुकसान पहुंचाने वाले कणों की मैनुअली जांच पर ही राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का जोर है क्योंकि स्वत- जांच करने वाले आधुनिक उपकरणों की कमी है। जिसे सरकार जिस तेजी की जरुरत है उसके अनुसार बढ़ा नहीं पा रही है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश के 65 स्थानों पर वायु प्रदूषण की जांच की जा रही है। इनमें से करीब 40 स्थानों की रिपोर्ट एक दिन से लेकर एक सप्ताह बाद तक आती है। तब तक ऐसे स्थानों के आसपास रहने वाले लोग बगैर बचाव किए प्रदूषित हवा ले चुके होते हैं। ऐसे स्थानों पर तुरंत जांच करने वाले आधुनिक स्टेशनों को स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। जबकि करीब 25 स्थान है जहां ये स्टेशन काम कर रहे हैं और हवा में पल-पल प्रदूषण का स्तर जांच कर सार्वजनिक कर रहे हैं। आम लोग वायु प्रदूषण से जुड़ी इस रिपोर्ट को ईएनवी अलर्ट एप, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट पर देखते हैं।



## चौत्र नवरात्रियों से पहले महामाई धाम का बदल सकता है नक्शा

# तीर्थ स्थल की तरह किया जा रहा विकसित, 5-5 करोड़ से होंगे निर्माण कार्य, सभा स्थल का भी होगा निर्माण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

केंद्र तथा प्रदेश सरकार के द्वारा धार्मिक स्थलों को व्यवस्थित रूप से आकर्षित बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहे हैं इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा भी मामा आई मैया के धाम को सर्व सुविधा युक्त तीर्थ स्थल बनाने के लिए लगातार निर्माण कार्य करवाया जा रहे हैं ।फोर लोन सड़क का निर्माण पहले से ही चल रहा है अब यहां पर और भी अच्छे इंतजाम करवाने के साथ श्रद्धालुओं को सभा मंडप रामायण मंच के लिए स्थल ,प्रवचन सभा का निर्माण भी करवाया जा रहा है ।अन्य विकास कार्य भी होंगे इसकी आधारशिला रखने का काम पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने प्रारंभ किया था उसको आगे बढ़ने का काम विधायक उमाकांत शर्मा कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने मंदिर परिसर तथा क्षेत्र का जायज है लेकर वहां पर होने वाले निर्माण कार्यों की बारीकी से जानने के लिए पहुंचे किस तरीके से कौनसा कार्य कहां पर होना है। उसके संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि सारे धार्मिक निर्माण कार्य व्यवस्थित रूप से होने चाहिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी बिजली वितरण कंपनी के एई को भी बिजली की उचित व्यवस्था करने की दिशा निर्देश जिन्होंने दिए। फोन लोन सड़क बनने के बाद जाम की समस्या भी दूर हो जाएगी अभी रास्ता सकरा होने के कारण में के दौरान अवस्था होती है।



### आगामी आयोजनों में लगेंगे चार चांद

चौत्र नवरात्रि में दुर्गा शतचंडी यज्ञ के साथ विशाल मेले का आयोजन होता है। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन करने के लिए आते हैं ।अंतिम दिन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं को भंडारे में प्रसादी ग्रहण कराई जाती है। प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम के साथ रामायण का मंचन भी होता है। इसको दृष्टिगत रखते हुए विधायक के द्वारा निर्माण कार्यों को तेजी से करवाया जा रहा है ।इसी संदर्भ में उन्होंने जायज लेकर बताया कि हमारे द्वारा महमाई मंदिर में दर्शनार्थियो की सुविधा के दृष्टीकोण को ध्यान में रखते हुए अष्टकोणीय सभामंडपम , भक्ति रसमय , रामलीला , कथा ,प्रवचन, सत्संग आदि के लिए विशाल सभागार ,महामाई प्रगति के लिए लगभग 5-5 करोड की लागत से 4 लेन सड़क सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए स्थलो का चयन किया गया एवं शीघ्र निर्माण कार्य को मूर्ति रूप लेने देने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिसा निर्देश भी दिए हैं।

## अपर कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय पिपरिया का किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर नर्मदापुरम देवेंद्र कुमार सिंह द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय पिपरिया का निरीक्षण कर यहां तहसील पिपरिया एवं बनखेडी के राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में राजस्व महाअभियान में प्रगति लक्ष्य, भू-राजस्व एवं डायर्वसन वसूली, स्वामित्व योजना , प्रधानमंत्री सम्मान निधि के हितग्राहियों की ईकेवायसी , सी.एम हेल्पलाइन कार्यों की गहन समीक्षा अपर कलेक्टर श्री सिंह द्वारा की गई एवं प्रति सप्ताह के लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें नियत समय में पूर्ण करने के संबंध में निदेर्शित एवं मार्ग दर्शित किया गया। समीक्षा बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिपरिया संतोष तिवारी तहसीलदार पिपरिया, तहसीलदार बनखेडी, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।



## जिले के लोकतंत्र सेनानियों को घर जाकर अधिकारियों ने किया सम्मानित

**नर्मदापुरम।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले के लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों को उनके घरों पर जाकर अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। नर्मदापुरम नगर में तहसीलदार शहरी देव शंकर धुर्वे द्वारा लोकतंत्र सेनानियों के परिजनों का घर जाकर शाल श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट किए गए।



## लोक कलाकारों को किया सम्मानित



**नर्मदापुरम।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर पर्यटन घाट पर लोक कलाकारों द्वारा राष्ट्रीय भक्ति गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया ग। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को कलेक्टर सोनिया मीणा द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

## विदिशा डायलॉग में शामिल हुए चार राज्यों के सामाजिक लीडर

# वैचारिक दृष्टि से विदिशा को उत्कृष्ट व खुशहाल बनाना ही हमारा उद्देश्य: राजेश पटेल



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

अंतरराष्ट्रीय संस्था परिवर्तन की पहल द्वारा विदिशा के सिरोंज में आयोजित चार दिवसीय विदिशा डायलॉग कार्यक्रम में महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के सामाजिक लीडर शामिल हुए कार्यक्रम संयोजक राजेश पटेल ने बताया कि वैचारिक दृष्टि से उत्कृष्ट व खुशहाल विदिशा बनाना ही हमारा उद्देश्य है। 200 परिवर्तन कर्ताओं को किया जा रहा है तैयार विदिशा को उत्कृष्ट बनाने के लिए 200 परिवर्तन कर्ताओं को तैयार किया जा रहा है यह विदिशा डायलॉग का पहला बैच है ठीक इसी तरह तीन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जहां स्वीकारता के भाव से स्वयं में परिवर्तन की शुरुआत कर समाज के बीच परिवर्तन योद्धा बनकर विदिशा को उत्कृष्ट बनाने का कार्य करेंगे प्रथम चरण में 40 लोगों को तैयार किया गया है।

**मध्य प्रदेश की माटी में बहुत प्यार है** – झारखंड के सामाजिक लीडर सोनू ने कहां की मध्य प्रदेश की माटी में बहुत प्यार है मैं पहली बार आया हूं लेकिन बिल्कुल भी ऐसा नहीं लग रहा कि मैं किसी दूसरे राज्य में हूं परिवार जैसा प्यार और केयरिंग यहां के हर एक व्यक्ति के अंतर मन में है मैं अपने आप को गौरांवित महसूस कर रहा हूं कि विदिशा डायलॉग कार्यक्रम में सहभागी बना हूँ जिस विजन को लेकर हम सब निकले हैं निश्चित ही वह बहुत जल्द पूरा होगा।

**अंत:करण की आवाज से मिला नया दृष्टिकोण** – बाबा बागेश्वर धाम और महाराजा छत्रसाल महाराज की नगरी से मैं मनमोहन सिंह परिहार बचपन से ही सनातनी व कट्टर हिंदू रहा हूं और साथ ही साथ मुस्लिम समुदाय से एक घृणा का भाव रखता था मैंने अपने 28 साल के अनुभव में कभी मुस्लिम को सही नही माना है मेरी यह सोच थी कि पहले अपने हाँथ को सरसों के तेल में डुबाये फिर उस हाँथ को तिल के बोरे में डाले जितने तिल उस हाँथ पर चिपक जाए और उतने मुस्लिम आकर भी अपने ऊपर विश्वास करने को बोले तो भी विश्वास न करना इसके अलावा में सभी को यही उदाहरण भी बताता था। 17 जनवरी को सिरोंज में आयोजित विदिशा डायलॉग कार्यशाला में एक प्रशिक्षक के रूप मे शामिल हुआ था विदिशा डायलॉग में सभी प्रतिभागियों से मिलना सामान्य रहा खुशी हुई, लेकिन प्रतिभागियों से मिलने के क्रम में जब मुज्जमिल खान से मिला तो नाम सुनते ही हीन भावना का भाव आ गया और मन मे विचार आया कि अरे ये कहा से आ गया पूरे 4 दिवसीय सत्र में इसको देखना पड़ेगा, मिलना पड़ेगा, खाना भी साथ खाना पड़ेगा इसी असमंजस में पहला दिन बीत गया और प्रातः जब शांत समय मैं बैठा तो अंत:करण से आवाज आई मुजम्मिल को जाने बिना सिर्फ समुदाय को देखकर कैसे हीन भावना आ सकती है यह सोच कर मुझे बड़ी शर्मिंदगी महसूस हुई।



### प्रतिभागियों के अनुभव

- मेरे अपने रिश्ते क्यों खराब होते हैं यह मैंने पाया, आज से समय का सदुपयोग करूंगा रिश्तो का जीवन में क्या महत्व है आज मुझे समझ आया।
- मैं लोगों से अपेक्षा करता हूँ कोई झूठ ना बोले लेकिन मैं खुद झूठ बोलता हूं खुद से ईमानदार बनकर गुस्से पर नियंत्रण करूंगा।
- जो अनुभव इन चार दिनों में मैंने पाया है वह मेरे लिए अनमोल है पहली बार मेरी खुद की जिम्मेदारियां का मुझे एहसास हुआ है।
- जब से मैं यहां पर आया हूं तब से मेरे विचारों को एक नई ताकत मिली है खुद के अलावा समाज के लिए जीना भी एक महत्वपूर्ण जीवन है।
- जल संरक्षण और स्वच्छता पर हमेशा लेक्चर दिया है लेकिन धरातल पर कैसे किया जा सकता है यह प्लान यहां से मिला है।
- जातिवाद व धर्म को लेकर हमेशा मन में एक अलग धारणा थी इन चार दिनों में मैंने पाया कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है।
- ध्यान एवं शांत समय को लेकर एक अलग विचार था लेकिन आज पता चला कि शांत रहकर चिंतन करने से नई दिशा मिलती है।

### विभिन्न प्रदेशों से आए सामाजिक लीडर

हमारी नैतिक जिम्मेदारी है आज समाज में लगातार क्राइम के मामले बढ़ते जा रहे हैं, भूख से परेशान कुपोषित बच्चों की मौत हो रही है और हम एक दूसरे को गलत ठहराने में लगे हुए हैं क्राइम को अंजाम कौन दे रहा है और क्यों, भूख से परेशान कुपोषित बच्चों की मौत हो रही है तो क्यों, हमें इस पर विचार करने की जरूरत है क्योंकि समाज भी हमारी एक नैतिक जिम्मेदारी है।

**राधा गिरी** कुशीनगर उत्तर प्रदेश

अंत: करण की जरूर सुने मैंने अपने जीवन में मारपीट व लूट कि कई घटनाओं को अंजाम दिया है जब पहली बार इसी तरह के सत्र में अंत:करण की आवाज सुनी तो पाया कि मैं गलत कर रहा हूं जब खुद को जाना तो बहुत दुख हुआ प्रायश्चित के भाव से जब देखा तो एक नया रास्ता मिला और आज झारखंड यूनियन लीडर होने के साथ साथ इस विचार के साथ समाज में काम कर रहा हूं विदिशा डायलॉग एक बड़ा इनिशिएटिव मैं विदिशा में आकर अपने आप को गौरांवित महसूस कर रहा हूं।

**रामप्रसाद सिंह** खनबाद झारखंड

विदिशा का बड़ा इनीशिएटिव विदिशा डायलॉग कार्यशाला मैं मैंने पाया कि प्रेम से परिवर्तन संभव है चार दिवसीय कार्यशाला के दौरान बहुत कुछ सीखने को मिला है इस विचारधारा से न केवल खुद की बुराइयों को देख पाते हैं बल्कि स्वयं से समाज की ओर जाने की दिशा मिलती है विदिशा डायलॉग इस जिले के लिए एक बड़ा महत्वपूर्ण इनीशिएटिव है।

**प्रीति तिवारी** शिवपुरी मध्य प्रदेश

मौन रहना कितना जरूरी विदिशा डायलॉग कार्यशाला एक महत्वपूर्ण कदम है भौतिक सुख सुविधाओं से संपन्न होने पर खुशी मिलती है पर मौन रहकर वास्तविक आनंद की अनुभूति होती है खुशहाल जीवन के लिए मौन रहना जरूरी है।

**वंदना शर्मा** अशोकनगर मध्य प्रदेश

हर जिले में है जरूरत चार दिवसीय कार्यशाला में आए प्रतिभागियों ने वर्तमान की समस्याओं से निपटने और आगामी रणनीति पर अपने अनुभव साझा करते हुए जो मास्टर प्लान बनाया है वह विदिशा के लिए वरदान साबित होगा मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला मैं चाहता हूं छतरपुर में भी यह आयोजन होना चाहिए।

**रवि परिहार** छतरपुर मध्य प्रदेश

हम सौभाग्यशाली है अंतरराष्ट्रीय संस्था परिवर्तन की पहल द्वारा विदिशा जिले को चुना गया है यह हम सब का सौभाग्य है विदिशा डायलॉग इस जिले के हर एक व्यक्ति के लिए आने वाले कल में वरदान साबित होगा ऐसा हमें विश्वास है इस पूरे महा अभियान में देश के अलग-अलग राज्यों से आए हमारे साथियों के हम आभारी हैं जो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से विदिशा को उत्कृष्ट बनाने के लिए निरंतर परिवार के रूप में कार्य कर रहे हैं आगामी मार्च माह में दूसरा शिविर है जिसमें जम्मू कश्मीर, गुजरात, नागालैंड,उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र सहित देश के अन्य भागों से हमारे साथी आएंगे मैं विदिशा जिले के सभी जन से भी आग्रह करता हूं कि इस अभियान में सहभागी बने।

**राजेश पटेल** कार्यक्रम संयोजक विदिशा मध्य प्रदेश

### क्राइम, कुपोषण व शिक्षा पर बना मास्टर प्लान

विदिशा को वैचारिक दृष्टि से उत्कृष्ट व खुशहाल जिला बनाने के लिए सामाजिक सहभागिता क्या हो सकती है विदिशा डायलॉग के इस विशेष अभियान में हर जाति, धर्म, वर्ग के लोगों को शामिल किया गया है यह पूरा मास्टर प्लान जन सहभागिता पर आधारित है समाज के बीच के ही लोग अंत:करण की प्रेरणा से स्व परिवर्तन के पश्चात समाज में परिवर्तन के लिए निकले हैं प्रथम चरण के 40 प्रतिभागी इस यात्रा की शुरुआत कर चुके हैं दया, प्रेम, करुणा के उन भावो के साथ समाज के बीच पहुंच कर क्राइम, कुपोषण, शिक्षा व समरसता पर मास्टर प्लान के अंतर्गत कार्य करते हुए विदिशा को उत्कृष्ट बनाने का संकल्प पूरा करेंगे चार दिवसीय समापन सत्र के दौरान अंकुर सक्सेना भोपाल, वरिष्ठ पत्रकार राजीव जैन सिरोंज, विजय कुमार श्रीवास्तव विदिशा, रामकेश तेकम सागर, संजय कुमार श्रीवास्तव विदिशा, सोना अवस्थी ब्यावर, प्रकाश पटेल, लखन कुर्मी, चारु सोनी, प्रिया जाटव, सोनू धाकड़ सिरोंज, सोनू कुंडू झारखंड, गगनेंद्र रघुवंशी, राकेश शर्मा सिरोंज सहित अन्य लोगों ने विदिशा डायलॉग को लेकर अपने विचार व्यक्त किये।

## गणतंत्र दिवस पर जनसंपर्क विभाग की विकास प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र



**नर्मदापुरम।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर जिले के पर्यटन घाट पर आयोजित भारत पर्व में जिला जनसंपर्क कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा लगाई विकास प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। प्रदर्शनी शासन की योजनाओं एवं नागरिकों के हित में संसद द्वारा पारित किए गए 3 नए कानूनों पर केंद्रित रही। प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं एवं नए कानूनों को 58 पैनल्स पर चित्रित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रर्दशनी का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत, एडीएम देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण और गणमान्य नागरिकों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में भी नागरिकों के हित में संसद द्वारा पारित किए गए 3 नए कानूनों पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाई। जिसमें प्रदर्शनी वाहन का गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि, गणमान्य नागरिक एवं उपस्थित जनसमूह द्वारा अवलोकन किया गया।

# कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में अव्यवस्थाओं को देख भड़के विधायक

### छात्राए बोली - मेन्यू के अनुसार तो हमें कभी खाना ही नही मिलता



**सिरोज, दोपहर मेट्रो**

विधायक उमाकांत शर्मा ने जनपद अध्यक्ष श्रीमति पुष्पा बाई यादव,एसडीएम हर्षल चौधरी के साथ भोपाल रोड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की अव्यवस्थाओं को देख विधायक ने नाराजगी व्यक्त की। जब विधायक उमाकांत शर्मा छात्रावास के कक्षों में पहुचे तो उन्हें जगह जगह गंदगी दिखी। वही छात्रावास अधीक्षिका श्रीमति अंगूरी साहू से विधायक ने चर्चा की। इसके बाद वह छात्रावास के कक्षो का अवलोकन करने पहुचे और विधायक ने कक्षों का नजारा देखा तो भडक उठें। कक्षों में छात्राओं के लिए निर्धारित संख्या से अधिक पलंग रखें हुए थें वही उन पलंग पर बिछे हुए गद्दे व चादर भी फटें हुए थें। वही जब विधायक ने एक चादर को उठाकर सिर से गले में डाली और कहा कि यह शरमनाक है हमारी बेटियों को फटी हुई चादरो का उपयोग करना पड़ रहा है। वही जब उन्होने छात्राओं से भोजन के मेन्यू की जानकारी ली तो छात्राओं ने बताया कि यहा पर हमें मेन्यू के अनुसार तो कभी खाना मिलता ही नही है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में उक्त छात्रावास में पदस्थ अधीक्षिका श्रीमति अंगूरी साहू का पूर्व में भी गंभीर शिकायतें मिलने पर उन्हें छात्रावास से हटाया गया था। वही वर्तमान में भी इनके विरूद्ध में पूर्व की कई षिकायतें लंबित है। जैसे कि कोरोना काल में गेंहू का गोलमाल,दो छात्रावासों में प्रभारी रहकर शासन का मानदेय दोनो जगह से लेने सहित ऐसे अनेको गंभीर मामलों में जिला परियोजना अधिकारी एंव जिला पंचायत टीम द्वारा की जांचो में श्रीमति साहू को दोषी पाया गया था। आखिर जिला प्रषासन की ऐसी क्या मजबूरी थी कि पुनः दोषी कर्मचारी को छात्रावास का प्रभार दे दिया।

### गंदगी के बीच अपना गुजारा कर रही देश की बेटिया

एक तरफ हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूरे देष में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है और देश के कोने कोने में साफ-सफाई के लिए अभियान के माध्यम से सफाई की जा रही है। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एंव क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा भी शहर एंव अपने वार्ड व कार्यालयो में साफ-सफाई के लिए प्रत्येक मंच से साफ-सफाई करने का आव्हान किया जा रहा है।

**मेट्रो एंकर** | कलेक्टर ने की राजस्व महाअभियान की समीक्षा

# साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित कर लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए: कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

राजस्व महाअभियान अंतर्गत दर्ज प्रकरणों के निराकरण, पीएम किसान ई केवाईसी, स्वामित्व योजना तथा राजस्व वसूली में प्रगति लाएं। यह निर्देश शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित राजस्व अधिकारियों की वीसी में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को दिए। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बैठक में तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। विशेष ध्यान देकर ऐसे प्रकरण जो समयसीमा से पर हो गए हैं ऐसे प्रकरणों का निराकरण किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



कलेक्टर सुश्री मीना ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी जमीनी स्तर पर जाकर देखें कि जो भी प्रकरण दर्ज हो रहे हैं उनका निराकरण तय समयसीमा में किया जाए। साथ ही साथ ऐसे प्रकरण जिनका निराकरण नहीं हो पा रहा है उनके कारणों का पता कर उनका डिस्पोजल कराएं। प्रत्येक तहसील इस बात का विशेष ध्यान रखें कि ड्ढ1 वचन में किसी भी प्रकार की विसंगति न हो। राजस्व महाअभियान से जुड़े समस्त डाटा को समय पर आरसीएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करवाना और त्रुटि सुधार सुनिश्चित करें। राजस्व वसूली के संबंध में कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली की जाए। जिन तहसीलों ने लक्ष्य के अनुरूप मांग कायम कम की है ऐसी तहसीले राज्य सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य अनुरूप मांग बढ़ाएं एवं राजस्व वसूली के कार्य में गति लाए। स्वामित्व योजना अंतर्गत ऐसे नक्शे जो की रिजेक्ट हुए हैं, उनमें त्रुटि सुधार कर दोबारा पास होने के लिए भेजें। इसी के साथ समस्त एसडीएम, तहसीलदार ,नायब तहसीलदार को यह निर्देशित किया है कि तकनीकी टीम से समन्वय कर ऐसे नक्शों की समस्या का निराकरण करवाएं जो की ऑनलाइन नहीं खुल रहे हैं।

### कोई भी रिकॉर्ड ऑफलाइन प्रस्तुत न करें

कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिए कि विस्थापित ग्रामों के आर.ओ.आर एंट्री नियमित आधार पर की जाए। राजस्व महा अभियान के अंतर्गत समस्त रिकॉर्ड ऑनलाइन अपडेट रहे। कोई भी रिकॉर्ड ऑफलाइन प्रस्तुत न करें। उन्होंने लंबित ई केवाईसी, नामांतरण, बटवारा , राजस्व वसूली के प्रकरणों में पूरी गंभीरता के साथ काम करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत समस्त लंबित प्रकरणों का निराकरण तय समय सीमा के भीतर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।


समस्त देशवासियों को
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति पुष्पा हमीर सिंह यादव
अध्यक्ष ज.प. सिरोंज
श्रीमति रजनीता अरविंद बघेल
सभापति कृषि विभाग सिरोंज


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक-हार्दिक
शुभकामनाऐं
सौजन्य से- समस्त भाजपा कार्यकर्ता सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र 147


सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाऐं
ओमप्रकाश रघुवंशी
बी.आर.सी.
सौजन्य से- जनपद शिक्षा केन्द्र सिरोंज


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाऐं
सौ.से-कपिल त्यागी, वरिष्ट भाजपा नेता,
अध्यक्ष-अधिवक्ता संघ सिरोंज,
अध्यक्ष-श्री वैष्णव बैरागी ब्राह्मण समाज म.प्र.
सहसंयोजक-भाजपा कानून एवं विधिक कार्यविभाग म.प्र.
प्रमुख-सिरोंज जिला बनाओ


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाऐं
श्रीमति पार्वती गगनेन्द्र रघुवंशी
जिला पंचायत सदस्य एवं समाजसेवी
सौजन्य से-समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता-सिरोंज-लटेरी वि.स. 147


समस्त विधानसभा क्षेत्रवासीयों
को 75 वें
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाऐं
मा.हरि सिंह जी सप्रे
विधायक,कुरवाई


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाऐं
महिला एवं बालविकास विभाग की
स्वागत लक्ष्मी योजना,
लाड़ली लक्ष्मी योजना, मंगल दिवस आदि
योजनाओं का लाभ उठाएं
बेटी है तो कल है,
बेटी नहीं होगी तो बहू कहां से लाएंगे,
माँ का दूध बच्चो के लिए अमृत है
सौजन्य से-महिला एवं बाल विकास विभाग-सिरोंज
उपपंजीयक विभाग की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सौजन्य से-मनोज अहिरवार, उप पंजीयक-सिरोंज


26 JANUARY
समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्वेता आनंद त्यागी
डायरेक्टर-केडीबीएम ग्रुप सिरोंज,
संरक्षक-गिलहरी अभियान एक छोटा सा फाउंडेशन
आनंद त्यागी
चेयरपर्सन-केडीबीएम ग्रुप सिरोंज


MMS
सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा!
हम बुलबुलें है इसकी वह गुलिस्तां हमारा!!
26 January
मुस्लिम महासभा की ओर से 26
जनवरी की सभी देश वासियों
को बहुत बहुत मुबारकबाद
मिनजानिब - मोहम्मद शोऐब खॉन(एडवोकेट) सदर मुस्लिम महासभा जिला विदिशा म.प्र.


समस्त किसान भाईयों एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक-हार्दिक
शुभकामनाऐं
सौ. से- नीरज विश्वकर्मा, पटवारी


थोक अनाज तिलहन संघ की ओर से
समस्त किसान भाईयों एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक-हार्दिक
शुभकामनाऐं
समीर भार्गव
अध्यक्ष, थोक अनाज तिलहन
व्यापार संघ-सिरोंज
सौजन्य से-
वैदेही लॉजिस्टिक एडं एलाइड सर्विसेस
रिलायंस पेट्रोल पंप, लिंक रोड-सिरोंज
जियो बीपी रिलायंस पेट्रोल पंप बैरसिया

# अंडर-19 वर्ल्ड कप में अर्शिन कुलकर्णी का शतक; टेबल टॉप पर पहुंची टीम इंडिया

**ब्लोमफोंटेन, एजेंसी**

भारतीय टीम ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा मुकाबला जीत लिया। टीम ने रविवार को ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में अमेरिका को 201 रन से हराया। ब्लोमफोंटेन में अमेरिका ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर मं 5 विकेट पर 326 रन बनाए। जवाब में अमेरिका 50 ओवर में 8 विकेट पर 125 रन ही बना सका। भारत की ओर से अर्शिन कुलकर्णी ने शतक और मुशीर खान ने अर्धशतक लगाया। वहीं, नमन तिवारी ने 4 विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ग्रुप-ए की टेबल में टॉप पर आ गया है। चारों ग्रुप की 3-3 टॉप टीमें सुपर-6 के लिए क्वालिफाई करेंगी। यानी भारत भी सुपर-6 में जाएगा। सुपर 6 में 6-6 टीमों के दो ग्रुप बनाए जाएंगे। दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमों के बीच सेमीफाइनल होगा और जीतने वाले दोनों देशों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।



### अर्शिन-मुशीर के बीच शतकीय साझेदारी

भारत ने पहले बल्लेबाजी की। टीम के लिए आदर्श सिंह और अर्शिन कुलकर्णी ने गेम की शुरुआत की। आदर्श 12वें ओवर में 25 रन बना कर आउट हो गए। तीसरे नंबर पर मुशीर खान आए, जिन्होंने कुलकर्णी के साथ शतकीय साझेदारी की। 36वें ओवर तक चली इस साझेदारी में दोनों ने साथ 155 रन जोड़े और भारत को मजबूत स्थिति पर ला कर खड़ा कर दिया। मुशीर 36वें ओवर की पहली हॉल पर 73 रन बना कर आउट हुए।

### उत्कर्ष ने सबसे ज्यादा रन बनाए



अमेरिका के लिए उत्कर्ष श्रीवास्तव ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 73 बॉल में 40 रन की पारी खेली। उनके बाद आए मानव नायक 0 रन और पार्थ पटेल 2 रन बना कर आउट हो गए। वहीं, अमोघ एरेपल्ली 27 रन और अतींद्र सुब्रमणियन 3 रन बना कर नाबाद रहे। टीम टारगेट चेज नहीं कर सकी। भारतीय टीम के लेफ्ट आर्म पेसर नमन तिवारी ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। वहीं, राज लिंबानी, मुरुगन अभिषेक, सौम्य पांडे और प्रियांशु मोलिया को 1-1 विकेट हासिल हुआ।

### अर्शिन ने शतक लगाया, 10 ओवर में स्ट्राइक बैटिंग की

मुशीर के विकेट के बाद भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने बड़े शॉट्स खेलना शुरु किया। कप्तान उदय सहारन 35 रन और सचिन दास 20 रन बना कर आउट हुए। वहीं, अर्शिन ने इस दौरान अपना शतक भी पूरी किया। उन्होंने 118 बॉल में 108 रन की पारी खेली। प्रियांशु मोलिया 27 रन और एरेवेली अविनाश क्रमशः 27 रन और 12 रन बना कर नाबाद रहे।

**भारत सुपर-6 में 3 जीत के साथ जाएगा**

## रूट टॉप स्कोरर; भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट रन भी बनाए



**हैदराबाद,एजेंसी।** भारत को पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 28 रन की पराजय झेलनी पड़ी है। 231 रन का टारगेट चेज कर रही टीम इंडिया दूसरी पारी में 202 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में ओली पोप (196 रन) के दम पर 420 रन बनाए और 230 रन की बढ़त हासिल की। इससे पहले, भारत ने पहली पारी में 436 रन बनाए और इंग्लैंड को 190 रन पर सिमेटकर 190 रन की बढ़त हासिल की। इस रोमांचक मुकाबले के दौरान कुछ रिकॉर्ड बने, तो कुछ रोचक फैक्ट भी सामने आए। हैदराबाद टेस्ट में जो रूट भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के टॉप स्कोरर बन गए हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने का रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ा। इंग्लैंड के जो रूट ने पहली पारी में 29 रन बनाए और दूसरी पारी में 2 रन ही बना सके। पहली पारी में 10वां रन बनाते ही रूट ने सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। वे इंग्लैंड-भारत टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। भारत के खिलाफ उनके नाम 2557 रन हो गए। सचिन ने इंग्लैंड के खिलाफ 2535 टेस्ट रन बनाए हैं।

### रूट ने पोंटिंग को पीछे छोड़ा

रूट भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा। रूट ने दूसरी पारी में 2 रन बनाते ही पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ा। रूट ने 2557 और पोंटिंग ने 2555 टेस्ट रन बनाए हैं। जबकि पोंटिंग ने 29 मैचों में इतने रन बनाए थे। रविचंद्रन अश्विन के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 154 विकेट हो गए हैं। वे टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर नाथन लायन (174 विकेट) और तेज गेंदबाज पैट कमिंस (169) संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं।

रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 2 विकेट लिए थे

# हैमस्ट्रिंग इंजरी होने के बाद, दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं रवींद्र जडेजा, अगला मैच 2 फरवरी से

**मुंबई, एजेंसी**

टीम इंडिया के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव महसूस हुआ। पैर का स्कैन कराने के बाद उनकी रिपोर्ट्स आना बाकी है। रिपोर्ट्स आने के बाद ही कन्फर्म हो पाएगा कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। रिपोर्ट अनुसार, लम्बी सीरीज को ध्यान में रखते हुए जडेजा को दूसरे टेस्ट से आराम दिया जा सकता है। अगर वह बाहर बैठे तो कुलदीप यादव विशाखापट्टनम में उनकी जगह लेंगे। रवींद्र जडेजा हैदराबाद टेस्ट के चौथे दिन इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स के डायरेक्ट हिट से रन आउट हो गए। पवेलियन लौटने के



दौरान उन्हें चलने में दिक्कतें हुई। मैच खत्म होने के बाद जडेजा ने हैदराबाद में ही अपने पैर का स्कैन करवाया। जडेजा की स्कैन रिपोर्ट मुंबई इंस्टिट्यूट भेजी गई है, जहां सारे प्लेयर्स की स्कैन रिपोर्ट भेजी जाती है। रिपोर्ट के बाद सोमवार शाम तक ही कन्फर्म हो जाएगा कि जडेजा एक टेस्ट से बाहर होंगे या पूरी सीरीज से।

### द्रविड़ बोले- फिजियो से बात करने के बाद फैसला लेंगे

कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि उन्होंने अब तक टीम के फिजियो से जडेजा की इंजरी पर बात नहीं की है। फिजियो से बात करने के बाद ही जडेजा के खेलने पर फैसला लेंगे। जडेजा की चोट गंभीर नहीं है, उन्हें हल्का खिंचाव महसूस हुआ है। अगर वह दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके तो तीसरा मुकाबला खेल सकेंगे। दूसरा मैच 2 फरवरी से विशाखापट्टन में और तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा। जडेजा ने पहले टेस्ट की पहली पारी में भारत के लिए सबसे ज्यादा 87 रन बनाए थे। उन्होंने मैच में कुल 5 विकेट भी झटके थे। अगर वह नहीं खेले तो टीम को बॉलिंग और बैटिंग के साथ उनकी फील्डिंग की कमी भी खलेगी।

### कुलदीप ले सकते हैं जडेजा की जगह

जडेजा अगर दूसरा टेस्ट नहीं खेले तो कुलदीप यादव दूसरे टेस्ट की प्लेइंग-11 में उनकी जगह लेंगे। कुलदीप स्क्वॉड में शामिल चौथे स्पिनर हैं, उन्हें पहले टेस्ट की प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया गया था। पहले टेस्ट में टीम ने जडेजा के साथ अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन को बतौर स्पिनर मौका दिया था। टीम इंडिया सोमवार को हैदराबाद में ही रहेगी, जहां पहले टेस्ट के पांचवें दिन का खेल होना था। मंगलवार को दोनों टीमें विशाखापट्टनम के लिए रवाना होंगी। जहां सीरीज का दूसरा टेस्ट 2 फरवरी से खेला जाएगा। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 28 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

पुणे में पहला लेग खत्म, अब अहमदाबाद में होगा

# फ्रेंच राइडर जॉर्डी टिक्सियर ने जीती इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग, दूसरा फेज 11 फरवरी को

**पुणे, एजेंसी**

इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग सीजन-1 का पहला लेग बीबी रेसिंग टीम के फ्रेंच राइडर जॉर्डी टिक्सियर ने जीत लिया। पहला लेग रविवार को पुणे के छत्रपति शिवाजी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में देर रात आयोजित हुआ। टिक्सियर ने 450 सीसी की रेस में शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी। टूर्नामेंट के सबसे सफल राइडर मैट मॉस, जो नौ बार के ऑस्ट्रेलियाई स्क्र्र और स्र्रू चैंपियन हैं, लाख कोशिशों के बाद भी उन्हें पछाड़ नहीं पाए। मॉस दूसरे नंबर पर रहे। टिक्सियर 2018 मोटोक्रॉस वर्ल्ड चैंपियन भी हैं। जीत के बाद टिक्सियर ने कहा, ट्रैक काफी अच्छा था, मैंने पूरे सप्ताह काफी एन्जॉय किया। इंटरनेशनल



250 सीसी रेसिंग में बिगरॉक टीम के रीड टेलर पहले नंबर पर रहे। इंडियन एंड एशियन मिक्स 250 सीसी कैटेगरी में थाईलैंड और बिगरॉक टीम के पेनजन टॉप पर रहे। वहीं 85 सीसी जूनियर इंडिया-एशिया मिक्स कैटेगरी के पॉइंट्स काउंट नहीं हुए। रेस शुरू होने से पहले सभी टीमों ने ग्राउंड के लैप लगाए। ढोल-ताशों के साथ पहले सीजन की रंगारंग शुरुआत हुई। देश के नेशनल एंथम के साथ रेस की शुरुआत हुई। पहला लेग पुणे में खत्म हो चुका है। पहले सीजन में छह टीमों ने हिस्सा लिया। हर टीम में 8-8 रेसर शामिल थे। पहला सीजन चार कैटेगरी में खेला गया, हर कैटेगरी में दो-दो रेसर थे।



**मेट्रो बाजार**

## हीरो की मल्टी पर्पज थ्री व्हीलर लॉन्च, 60 किमी प्रति घंटे स्पीड



**नईदिल्ली, एजेंसी**

हीरो मोटोकॉर्प ने ऐसा इलेक्ट्रिक व्हीकल पेश किया है, जो थ्री-व्हीलर और टू-व्हीलर दोनों का काम करता है। आसान शब्दों में कहा जाए तो एक तीन पहिया गाड़ी को दो पहिया स्कूटर में भी बदला जा सकता है। इसका वीडियो भी सामने आया है। हीरो ने इसे सर्ज का नाम दिया है। हीरो ने जयपुर में आयोजित हीरो वर्ल्ड 2024 में सर्ज मल्टी पर्पज थ्री-व्हीलर का कॉन्सेप्ट मॉडल पेश किया है। ये थ्री-व्हीलर के साथ-साथ इलेक्ट्रिक स्कूटर के रूप में भी काम करेगा। यह स्कूटर कुछ ही मिनटों में थ्री व्हीलर से जुड़ सकता है और अलग हो सकता है। दरअसल, इस कार्गो थ्री-व्हीलर के अंदर ही टू-व्हीलर या एक स्कूटर छिपा रहता है। पहले ये एक थ्री-व्हीलर होता है जिसकी फ्रंट सीट पर 2 लोगों के बैठने की जगह होती है, लेकिन जब इसमें से स्कूटर बाहर आ जाता है। तब इसमें सिटिंग कैपेसिटी स्कूटर की सीट पर शिफ्ट हो जाती है। कंपनी के अनुसार थ्री-व्हीलर से टू-व्हीलर बनने में इसे 3 मिनट का वक्त लगता है। कंपनी इस सीरीज के कुल 4 वैरिएंट लॉन्च होंगे। सर्ज थ्री-व्हीलर और टू-व्हीलर के लिए अलग-अलग पैरामीटर्स मिलते हैं। जब थ्री-व्हीलर रहता है तब इसमें पावर मिलती है। इसके लिए इसे 11 किमी की बैटरी से जोड़ा गया है। इसकी मैक्सिमम स्पीड 45 किलोमीटर प्रति घंटा है।

## मोटो -24 पावर स्मार्टफोन 30 जनवरी को लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी**



मोटोरोला बजट स्मार्टफोन सेगमेंट में मोटो जी 24 पावर स्मार्टफोन मंगलवार 30 जनवरी को लॉन्च करने जा रही है। इस स्मार्टफोन में 50एमपी+2 एमी का क्वाड पिक्सल कैमरा, मीडियाटेक हेलियो जी 85 प्रोसेसर और 6000 एमएच की पावरफुल बैटरी मिलेगी। मोटोरोला इंडिया ने अपनी वेबसाइट, सोशल मीडिया हैंडल और सेलिंग पार्टनर ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट पर इसके लॉन्च की जानकारी कंफर्म की है। लॉन्चिंग की जानकारी के साथ कंपनी ने स्मार्टफोन के प्राइस को छोड़कर लगभग सभी जरूरी फीचर्स भी शेयर कर दिए हैं। मोटोरोला के इस अपकमिंग स्मार्टफोन में रैम के लिए दो ऑप्शन 4 जीबी और 8 जीबी मिलेगा, जबकि स्टोरेज की बात करें तो इसमें भी 128 जीबी और 256 जीबी के ऑप्शन मिलेंगे। स्मार्टफोन दो कलर ऑप्शन ग्लेशियर ब्लू और इंक ब्लू में आएगा। डिस्प्ले-स्मार्टफोन में रिफ्रेश रेट वाला 6.66 इंच का + डिस्प्ले दिया गया है, जिसकी मैक्सिमम ब्राइटनेस 537 निट्स है। स्मार्टफोन के डिस्प्ले में फ्रंट कैमरा के लिए पंच होल मिल जाता है। फोटोग्राफी और विडियो रिकॉर्डिंग के लिए मोटो जी 24 पावर स्मार्टफोन के बैक पैनल पर डुअल कैमरा सेटअप में 50एमपी +2एमपी का क्वाड पिक्सल कैमरा दिया गया है। वहीं, सेल्फी और विडियो कॉलिंग के लिए फोन में 16स्क्र्रका फ्रंट कैमरा कंपनी ने दिया है।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

## जान्हवी साउथ के सूर्या के साथ करेंगी फिल्म

जान्हवी कपूर लगातार बड़ी फिल्मों का हिस्सा बन रही हैं। मिस्टर एंड मिसेज माही और देवारा के बाद अब जान्हवी कपूर ने साउथ फिल्म कर्ण साइन कर ली है। इस फिल्म में उनके साथ साउथ सुपरस्टार सूर्या लीड रोल में नजर आने वाले हैं। हाल ही में आई पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, जान्हवी कपूर, राकेश ओम प्रकाश के निर्देशन में बनने वाली फिल्म कर्ण में नजर आएंगी। ये फिल्म माइथोलॉजिकल स्टोरी महाभारत के किरदार कर्ण की कहानी होने वाली है, जिसमें साउथ सुरपस्टार सूर्या लीड रोल निभाएंगे। फिल्म कर्ण एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसे 5 भाषाओं में बनाया जाएगा। रिपोर्ट की मानें तो इस फिल्म को दो भाषाओं में बनाया जाने वाले है। ये एक बिग बजट फिल्म होने वाली है, जिसके प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है।



जान्हवी कपूर की आखिरी रिलीज फिल्म बवाल है, जिसमें वो वरुण धवन के साथ नजर आई थीं। ये फिल्म अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। अब जान्हवी कपूर एक साथ 4 बड़ी फिल्मों का हिस्सा हैं। जान्हवी इसी साल जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवारा से तेलुगु फिल्मों में डेब्यू करने वाली हैं। इसके अलावा वो उलझ, मिस्टर एंड मिसेज माही और कर्ण में नजर आएंगी। कर्ण के अलावा उनकी 3 फिल्में इसी साल रिलीज होंगी। राकेश ओम प्रकाश मेहरा की बात करें, तो उन्हें रंग दे बसंती, दिल्ली-6, भाग मिल्खा भाग जैसी बेहतरीन फिल्मों के लिए जाना जाता है। आखिरी बार उन्होंने साल 2021 की फिल्म तूफान डायरेक्ट की थी, जिसमें फरहान अख्तर, मृणाल ठाकुर और परेश रावल लीड रोल में थे। वो 3 साल बाद फिल्म कर्ण से कमबैक करेंगे।

## 'हनुमान' के सीक्वल पर खर्च होंगे करोड़ों

साउथ फिल्म इंडस्ट्री लगातार माइथोलॉजी पर ऐसी फिल्में बना रही है जो बॉक्सऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही हैं। मौजूदा ट्रेंड देखें तो ये छोटे बजट की माइथोलॉजिकल फिल्में सरप्राइज हिट भी साबित हो रही हैं। हाल ही में आई 'हनुमान' का बजट 20 करोड़ था लेकिन 15 दिन में इसकी कमाई 250 करोड़ पार पहुंच गई है। फिल्म की सक्सेस को देखते हुए अब मेकर्स इसका सीक्वल जय हनुमान बना रहे हैं जिस पर प्रोड्यूसर्स 1000 करोड़ तक लगाने को तैयार हैं। ऋषभ शेट्टी की भूत कोला परंपरा पर बनी कांतारा हो या भगवान कृष्ण पर बनी कार्तिकेय 2। साउथ में बनी ये फिल्में अब पैन इंडिया ही नहीं बल्कि ग्लोबली भी सक्सेस हासिल कर चुकी हैं। 12 जनवरी को रिलीज हुई तेलुगु फिल्म 'हनुमान' ने अब तक ग्लोबली 250 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।



## 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स: एनिमल के लिए रणबीर को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड, आलिया भट्ट बेस्ट एक्ट्रेस





69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स की अनाउंसमेंट हो गई। एनिमल में निभाए किरदार के लिए रणबीर कपूर को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। जबकि आलिया भट्ट को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड दिया गया। बारहवीं फेल को बेस्ट फिल्म और बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड मिला। साथ ही विधु विनोद चोपड़ा को इसी फिल्म के लिए बेस्ट डायरेक्टर का भी अवॉर्ड दिया गया। शबाना आजमी ने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता। ओएमजी-2 को बेस्ट स्टोरी का अवॉर्ड दिया गया। इशिता मोइत्रा को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए बेस्ट डायलॉग का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। इसके अलावा शिल्पा राव को पठान के गाने बेशरम रंग के लिए बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड मिला। एनिमल का गाना अर्जन वैली गाने वाले भूपेंद्र बब्बल को बेस्ट प्लेबैक सिंगर मेल का अवॉर्ड मिला। सिनेमा में योगदान के लिए डायरेक्टर डेविड धवन को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। यह अवॉर्ड सेरेमनी गांधीनगर (गुजरात) के गिफ्ट सिटी में आयोजित हुई। बता दें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स की शुरुआत 1954 में हुई थी। इस अवॉर्ड सेरेमनी का हर साल आयोजन होता है। पहली बार फिल्म 'दो बीघा जमीन' को इस अवॉर्ड से नवाजा गया था। अभी तक के रिकॉर्ड पर नजर डाले तो रणवीर सिंह की फिल्म 'गली बॉय' को सबसे ज्यादा 13 फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले हैं। वहीं सबसे ज्यादा नॉमिनेशन शाहरुख खान की फिल्म कभी अलविदा न कहना (23 नॉमिनेशन) और आमिर खान की रंग दे बंसती को (21 नॉमिनेशन) मिले हैं। सबसे ज्यादा अवॉर्ड (21 बार) लेखक और डायरेक्टर गुलजार को मिले हैं।



## दुकानों में लगी आग

भोपाल के जवाहर चौक में हनुमान मंदिर के पास आग लगने से छह दुकानें खाक हो गई। फायर ब्रिगेड को आग बुझाने में चार घंटे का समय लगा। आग की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है।

-फोटो : निर्मल व्यास





### नौकरी के साथ कर रही थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

# निजी अस्पताल की नर्स ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**भोपाल। बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित जैन मंदिर के पास रहने वाली एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मोबाइल पर कॉल रीसिव नहीं करने पर उसकी सहेली उसके रूम पहुंची थी। तब पता चला कि उसने फांसी लगा ली है। लाश देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि उसने रात में ही फांसी लगाई है। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है।**

पुलिस के अनुसार शीतल पिता दिलीप सिंह (22) आष्ठा के पास एक गांव की रहने वाली थी। फिलहाल वह कशिश मूलचंदानी के मकान में किराए से रह रही थी। उसकी दोस्त ज्योति ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह से वह शीतल को कॉल कर रही थी, लेकिन शीतल ने कॉल रीसिव नहीं किया। बार-बार कॉल करने के बाद भी जब शीतल का कॉल रीसिव नहीं हुआ तो ज्योति उसके रूम पर पहुंची?थी। उसने दरवाजे के बाहर से काफी आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। मकान मालकिन कशिश ने भी प्रयास किया था, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। अनहोनी की आशंका होने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा तुड़वाया तो शीतल की लाश सीलिंग फेन पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी मिली।

### रात में फांसी लगाने का अनुमान

मामले की जांच कर रहे एएसआई नीलेश सेंगर ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। लाश से हल्की बदबू आने लगी थी। अनुमान है?कि सुसाइड शनिवार रात में की गई है। शीतल के परिजन को सूचना दे दी गई थी। वे भोपाल पहुंच गए?थे। उन्होंने बताया कि दो साल पहले ही शीतल की शादी की थी। पति गांव में रहकर किसानी करता है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत



इधर रातीबड़ में गत दिनों सड़क हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान बीती रात हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि राजू उर्फ राजकुमार चौहान पिता घासीराम चौहान (35) गांव मैना, आष्ठा, जिला सीहोर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत 24 जनवरी की रात वह अपने साथी के साथी भोपाल आ रहा था। देर रात उनकी बाइक गांव सरवर में अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई थी। सड़क किनारे पड़े पत्थर से टकराने के कारण बाइक चला रहे राजू के दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई?थी, जबकि राजू को गंभीर चोट होने के कारण उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान बीती रात राजू की मौत हो गई।

## जुए की फड़ों पर छापा, 3 दर्जन से ज्यादा जुआरी गिरफ्तारी, हजारों की राशि बरामद

भोपाल पुलिस ने पिछले चौबीस घंटों के दौरान शहर के विभिन्न इलाकों में चल रही जुए की कई फोड़ों पर छापा मारा और तीन दर्जन से ज्यादा जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। जुआरियों के पास से हजारों रुपये की राशि और ताश पत्ते जब्त किए गए हैं। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। टीला जमालपुरा पुलिस के मुताबिक शनिवार की शाम करीब सात बजे सूचना मिली कि हरिजन बस्ती के पास कुछ लोग ताश पत्तों पर हारजीत का दांव लगा रहे हैं। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर जुआ खेल रहे 15 लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए जुआरियों के नाम मोहम्द आदिल, महेंद्र मेवाड़ा, मोहम्मद मुजाहिद, उमर खान, लखन प्रजापति, वसीम खान, इरशाद मंसूरी, सौरभ साहू, फरीद खान, याहया खान, सुरेंद्र, राजकुमार, विजय वंशकार, शिवकुमार और सलीम बताए गए हैं। आरोपियों के पास से 58 हजार 370 रुपए और ताश पत्ते जब्त किए गए हैं। इधर हनुमानगंज पुलिस ने न्यू कबाड़खाना इलाके में जुआ खेल रहे आरिफ खान, शफीक, प्रकाश, अजय, खूबचंद, लेखराज, भगवान सिंह, संदीप, साबिर, रघुवीर और हैदर को गिरफ्तार कर 34 हजार 500 रुपए जब्त किए हैं। शाहजहांनाबाद पुलिस ने रेजीमेंट रोड पर जुआ खेल रहे शकील, कैलाश, दीपक और बबलू को पकड़कर 4270 रुपए, गौतम नगर पुलिस ने नाले के पास जुआ खेल रहे समीर, अवध कुमार, अर्जुन सिंह, अरमान, हबीब, श्याम और रईस से 1130 रुपए, निशातपुरा पुलिस ने करोंद मंडी के पास मुनासिब, शाकिब, शहनवाज से 450 रुपए और नीलामी शेड के पास करोंद मंडी में जुआ खेल रहे मो. रफीक, शफीक, ईशाक और भूरे खां से 530 रुपए और ताश पत्ते जब्त हुए।

## आज बीटिंग द रिट्रीट : पुलिस की धुन सुनेंगे सीएम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्यप्रदेश में गणतंत्र दिवस समारोह का समापन आज 29 जनवरी को बीटिंग द रिट्रीट समारोह के साथ होगा। समारोह का आयोजन राज्यपाल मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में शाम साढ़े 4 बजे जहांगीराबाद स्थित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में होगा। रविवार को एसएएफ भोपाल रेंज के आईजी अभय सिंह के मार्गदर्शन में सायंकाल बीटिंग द रिट्रीट कार्यक्रम की फायनल रिहर्सल की गई। मुख्य अतिथि की भूमिका 7वीं वाहिनी के प्रधान आरक्षक रामचंद्र कुशवाह और कार्यक्रम अध्यक्ष की भूमिका एएसआई चंदगीराम सेन ने निभाई। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बीटिंग द रिट्रीट कार्यक्रम में पुलिस ब्रास बैंड कॉन्सर्ट और फिर मास्ड, ब्रास तथा आर्मी पाइप बैण्ड का संगीतमयी और मनोहारी प्रदर्शन होगा। ब्रास बैण्डस द्वारा कर्णप्रिय संगीतमयी धुन, सामूहिक वादन तथा क्विक एवं स्लो मार्च प्रस्तुतियां दी जाएंगी।कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार 29 जनवरी को शाम साढ़े 4 बजे राज्यपाल मंगूभाई पटेल के आगमन के साथ होगी। फिर पुलिस ब्रास बैण्ड द्वारा हिन्दी व अंग्रेजी क्लासिकल धुनों के साथ ही नई एवं पुरानी हिन्दी फिल्मों के गानों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। पुलिस बैण्ड तथा आर्मी बैंड द्वारा मार्चपास्ट करते हुए बैण्डवार व सामूहिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। कार्यक्रम के समापन के समय सभी बैण्ड सामूहिक प्रस्तुति देंगे व सारे जहां से अच्छा गीत की धुन पर मार्चपास्ट करेंगे। राष्ट्रगान के बाद आतिशबाजी होगी।

## सिटी बस में यात्रियों के साथ सवार हो गई पांच साल की बच्ची, पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया

**भोपाल।** पिपलानी पुलिस ने रविवार को पांच साल की एक बच्ची को उसके माता-पिता की तलाश कर सुपुर्द किया। यह बच्ची कोकता इलाके में दूसरे यात्रियों के साथ सिटी बस में सवार हो गई थी। कंडक्टर की नजर पड़ी तो उसने पिपलानी पुलिस के हवाले किया। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर करीब तीन बजे सिटी बस के परिचालक अमर सिंह चौहान पांच साल की एक बच्ची को लेकर पिपलानी थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि बंसल कालेज के पास कोकता से अन्य यात्रियों के साथ यह बच्ची उनकी बस में सवार हो गई थी। पिपलानी पेट्रोल पंप स्टाप पर उनकी नजर बच्ची पर पड़ी तो वह घबराई हुई दिखी। परिजनों के बारे में पूछने पर वह कुछ भी नहीं बता पा रही थी। पुलिस ने बच्ची को अपने संरक्षण में लिया और परिजनों की तलाश में पुलिस टीम लगाई। बच्ची का फोटो और हुलिए की जानकारी लेकर पुलिस ने आसपास की कालोनियों कोकता, दौलतपुरा, हथाईखेड़ा पटार, आनंद नगर, सोनागिरी, रत्नागिरी, आलम नगर आदि इलाके में फोटो दिखाकर परिजनों की तलाश की। इस दौरान पता चला कि बच्ची की नाम परी है और उसके माता पिता दौलतपुरा कोकता बिलखिरिया में रहते हैं। उसके बाद पुलिस ने बच्ची की मां रेखा यादव और पिता कन्हैयालाल यादव के सुपुर्द कर दिया।

# कार में टक्कर पर विवाद, मारपीट कर रॉड से सिर फोड़ा, तलवार लहराई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रातीबड़ थाना क्षेत्र की श्रीराम कॉलोनी में कार रिवर्स करते समय टक्कर लगने को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। इस विवाद में सिक्युरिटी एजेंसी संचालक ने प्रापर्टी डीलर पर रॉड से हमला कर दिया वहीं प्रापर्टी डीलर ने भी मारपीट कर कार से तलवार निकालकर धमका दिया। पुलिस ने दोनों ओर से प्रकरण दर्ज किए हैं।

पुलिस के मुताबिक श्रीराम कॉलोनी बरखेड़ी कला निवासी दीपक तिवारी (37) प्रापर्टी डीलर हैं। विगत 27 जनवरी को पिपरिया से उनके दोस्त रोहित राजौरिया आए थे। रात करीब साढ़े दस बजे दीपक तिवारी, रोहित व हरदीप घर में बातचीत कर रहे थे। उसके बाद वे लोग नीचे आए और अपनी कार रिवर्स कर जाने लगे। रिवर्स करते समय कार श्रीनिवास पांडेय की कार से टकरा गई। टकराने की आवाज सुनकर श्रीनिवास पांडेय व उनका परिवार भी नीचे आ गया। कार में नुकसान की बात को लेकर वे लोग गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर श्रीनिवास व उनके बेटे व दो अन्य लोगों ने दीपक तिवारी के साथ मारपीट की गई और इस बीच जितेश ने रॉड से हमला कर दिया। हमले में दीपक तिवारी के सिर, बाएं कंधे व हाथ में चोट आई है। प्रापर्टी डीलर का आरोप है कि आरोपियों ने उनकी कार के आगे-पीछे के कांच भी फोड़ दिए। दीपक तिवारी को फ्रेक्चर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दीपक तिवारी की शिकायत पर श्रीनिवासी पांडेय व अन्य के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है।

### कार के कांच तोड़े, प्रापर्टी डीलर व सिक्युरिटी एजेंसी संचालक के बीच हुआ विवाद



**कार से तलवार निकालकर दी धमकी :** पुलिस ने श्रीनिवास पांडेय की रिपोर्ट पर दीपक तिवारी के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया है। मालवीय नगर में सिक्युरिटी एजेंसी चलाने वाले श्रीनिवास पांडे (58) का आरोप है कि दीपक तिवारी ने उनकी ब्रेजा कार में टक्कर मारकर नुकसान पहुंचाया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और फिर अपनी कार से तलवार निकालकर धमकी देने लगा। फरियादी ने पुलिस को मौके के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी सौंपे हैं।

## ब्रेकर पर गिरे बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पिपलानी इलाके में ब्रेकर पर फिसलकर गिरे बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रविवार की शाम करीब पांच बजे बाइक सवार एक युवक पिपलानी पेट्रोल पंप के पास सर्विस रोड की तरफ जा रहा था। इसी बीच स्पीड ब्रेकर पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई तो युवक सड़क पर गिर पड़ा। इस दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार उसे टक्कर मारते हुए निकल गई। आसपास के लोगों ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से हमीदिया भेजा गया। हमीदिया में डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम जगदीश मीना (35) बताया गया है। वह कहां का रहने वाला था और कहां जा रहा था, इसका पता लगाया जा रहा है।

**मेट्रो एंकर** इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी दोनों की दोस्ती

# शादी का झांसा देकर बीएससी छात्रा का युवक ने किया शारीरिक शोषण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एमपी नगर पुलिस ने बीएससी की एक छात्रा की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी डेढ़ साल तक छात्रा का शोषण करता रहा और जब उसने शादी के लिए दबाव डाला तो इंकार कर दिया। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक 21 वर्षीय युवती बीएससी फायनल इयर की पढ़ाई कर रही है। करीब दो साल पहले सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी पहचान निहाल नामक युवक से हुई थी। निहाल शाहपुरा में रहता है और पढ़ाई करता है। दोस्ती होने के बाद अक्टूबर 2022 में निहाल छात्रा को घुमाने के बहाने एमपी नगर स्थित एक होटल लेकर पहुंचा, जहां उसने जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद जल्द ही शादी करने का झांसा देकर वह उसका शारीरिक शोषण करने लगा। युवती जब भी शादी करने की बात कहती तो वह कोई न कोई बहाना बनाकर उसे टाल देता था। पिछले दिनों पीड़िता ने जब शादी के लिए दबाव डाला तो निहाल ने साफ इंकार कर दिया। उसके बाद छात्रा ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।



फाइल फोटो

### युवती का पीछा कर युवक ने की अश्लील हरकत

**भोपाल।** कमला नगर में एक युवती का पीछा कर अश्लील हरकत करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 26 वर्षीय युवती को शुभम तिवारी नामक युवक काफी दिनों से परेशान कर रहा था। वह युवती का पीछा कर अश्लील हरकत करता था। पिछले दिनों चौराहे पर शुभम ने युवती को रोक लिया और बातचीत करने का प्रयास किया। युवती ने जब इंकार किया तो उसने उसके साथ अश्लील हरकत की और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी और रविवार को थाने जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

# पिपलानी में दो युवकों की जेब से 50 हजार के मोबाइल फोन चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



पिपलानी इलाके में दो युवकों की जेब से 50 हजार रुपए कीमत के मोबाइल फोन चोरी हो गए। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाला सिद्धार्थ मेहरा प्रायवेट काम करता है। बीती 21 जनवरी की रात करीब साढ़े दस बजे वह अपने एक दोस्त के साथ कुबेर डेयरी के पास खड़ा था। इसी दौरान किसी ने उसकी जेब से कीमती मोबाइल फोन चोरी कर लिया।

इसी प्रकार भरत नगर स्थित धनश्री बैंक के पास संजीव कुमार की जेब से किसी ने 25 हजार का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। यह वारदात शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे की बताई गई है। इधर टीटी नगर थानांतर्गत जवाहर चौक स्थित मस्जिद के बाहर रखा अब्दुल रहमान का बैग चोरी हो गया। बैग में लैपटाप और जरूरी कागजात रखे हुए थे। घटना के समय अब्दुल बैग रखकर नमाज के लिए मस्जिद के भीतर चले गए थे। कुछ देर बाद बाहर निकले तो बैग गायब था। इधर पिपलानी थानांतर्गत इंद्रपुरी में रहने वाले ऋषि साहू के घर के सामने खड़ी मारुति कार का सायलेंसर चोरी हो गया। चोरी गए सायलेंसर की कीमत तीस हजार रुपये बताई गई है। घटना बीती 9 जनवरी की रात की बताई गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। इधर अवधपुरी थानांतर्गत खजूरीकला स्थित राजौरा फार्म हाउस के पास से एक आटो में छह सेटरिंग प्लेट्स चोरी कर ले गया। पुलिस ने भवानी यादव की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## पंद्रह दिन से लेट चल रही भोपल एक्सप्रेस, यात्री परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोहरे के कारण दिल्ली से आने लगभग एक दर्जन ट्रेनें अपने निर्धारित समय से पांच से छह घंटे देरी से चल रही है। इस बार रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन को भोपाल रेल मंडल की बेस्ट मेंटेन ट्रेन का खिताब मिलेगा। लेकिन भोपाल स्टेशन पर दिल्ली से भोपाल आने वाली भोपाल एक्सप्रेस 15 दिनों से लेट आ रही है। वही सोमवार को सुबह पांच बजे आने की जगह रात को पहुंच रही है। इस दौरान यात्रियों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा रहा है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022